उत्तर प्रदेश में एंटी रोमियो स्क्वाड को पुनः सक्रिय किया गया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **एंटी रोमियो स्क्वाड टीमों को पुनः सक्रिय करने** के निर्देश दिये।

मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री ने **भयमुक्त वातावरण** की आवश्यकता पर बल दिया और **महिला सुरक्षा** को प्राथमिकता दी तथा ज़िला स्तरीय अधिकारियों को जन सुनवाई एवं संवाद सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।
- **एंटी रोमियो स्क्वाड:**
  - इनका उद्देश्य **महिलाओं के साथ छेड़छाड़ पर अंकुश लगाना तथा उन्हें अधिक सुरक्षा प्रदान करना था।**
  - इसका उद्देश्य लड़कियों के कॉलेजों के बाहर उनके साथ **छेड़छाड़ और छेड़खानी में शामिल** पाए जाने वाले **लड़कों के खिलाफ कार्यवाही** करना है।
    - लेकिन युगलों को सिर्फ इसलिये रोक दिया गया क्योंकि वे एक साथ देखे गए थे, हालाँकि स्क्वाड के पास उन्हें रोकने का कोई कानूनी अधिकार नहीं था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reactivation-of-anti-romeo-squads-in-uttar-pradesh